नारी शिक्षा निकेतन महाविद्यालय कैसरबाग लखनऊ परिसर में दिनांक 12/10/ 2021 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंदु कनौजिया ,दिव्या पाल एवं एनसीसी अधिकारी डॉक्टर रजिया परवीन के निर्देशन में किया गया| कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर सत्या मिश्रा ,डॉक्टर ममता डोगरा , शीमा अब्बास द्वारा किया गया | एक मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण है और युवा पीढ़ी को इसके महत्व और ताकत को समझना आवश्यक है इस संदर्भ में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया| प्रबंधक डॉ अनिल कुमार अग्रवाल डॉ प्राचार्या सुनीता कुमार ने भी बच्चों को जागरूक किया, अन्य प्रवक्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ |कार्यक्रम के निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ विभा अग्निहोत्री एवं डॉ मंजरी खन्ना उपस्थित रही | रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रंगोली चौहान द्वितीय स्थान सौम्या मिश्रा और निशा यादव तृतीय स्थान तहसीन बानो ने प्राप्त किया | तथा मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा गौतम द्वितीय स्थान लक्ष्मी गुप्ता और तृतीय स्थान शिवानी द्विवेदी प्राप्त किया